**वित्त मंत्रालय**
**लोक उद्यम विभाग**
**अगस्त, 2024 माह हेतु मासिक उपलब्धियां**
*****

**1. कैपेक्स लक्ष्य:**

अगस्त, 2024 तक चुनिंदा सीपीएसईज़ (वार्षिक कैपेक्स लक्ष्य ₹100 करोड़ और उससे अधिक है) और अन्य सरकारी संगठनों के संबंध में वार्षिक कैपेक्स लक्ष्यों और इसकी उपलब्धि से संबंधित जानकारी दिनांक 05.09.2024 को प्रधानमंत्री कार्यालय को प्रस्तुत की गई थी। 7.76 लाख करोड़ रुपये (बजट अनुमान) के अनुमानित व्यय के मुकाबले, उपलब्धि **2.68 लाख करोड़ रुपये (लगभग) अर्थात् दिनांक 31.08.2024 तक लगभग 34.47% है।**

**2. सीपीएसईज़ का संचालन:**

i) हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को महारत्न का दर्जा देने के रक्षा मंत्रालय के प्रस्ताव पर विचार करने के लिए दिनांक 27 अगस्त, 2024 को अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) का आयोजन किया गया।

ii) लोक उद्यम विभाग (डीपीई) ने दिनांक 29 अगस्त, 2024 को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) में हवाई यातायात नियंत्रकों (एटीसीओ) के 840 पदों के सृजन के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की।

iii) डीपीई ने दिनांक 12 अगस्त, 2024 को राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) के अनुसूची 'क' सीपीएसई के रूप में प्रारंभिक वर्गीकरण के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

iv) डीपीई ने दिनांक 23 अगस्त, 2024 को कॉनकॉर में तत्काल आमेलन के नियम से बोर्ड स्तर से नीचे के 30 पदों की छूट संबंधी रेल मंत्रालय के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की।

v) डीपीई ने दिनांक 29 अगस्त, 2024 को केएमआरसीएल में तत्काल आमेलन के नियम से बोर्ड स्तर से नीचे के 7 पदों की छूट संबंधी रेल मंत्रालय के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की।

vi) लोक उद्यम विभाग ने सीपीएसईज़ के प्रारंभिक वर्गीकरण की प्रक्रिया के सरलीकरण पर सहमति व्यक्त की।

vii) डीपीई ने अधिकृत शेयर पूंजी को 765 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1515 करोड़ रुपये करने के लिए राष्ट्रीय/राज्य अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम को इक्विटी समर्थन" योजना के लिए ईएफसी नोट पर सहमति व्यक्त की।

viii) डीपीई ने 4जी सेवाओं की शुरुआत के लिए बीएसएनएल को 6982 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कैपेक्स सहायता पर सहमति व्यक्त की।

ix) दिनांक 31 अगस्त, 2024 तक सीपीएसईज़ के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों के लिए पद और रिक्त पद की स्थिति: -

स्वतंत्र निदेशक की आवश्यकता: - 745
पदस्थ: - 355
31.08.2024 तक रिक्त पद: - 390

**3. सीपीएसईज़ का समझौता ज्ञापन मूल्यांकन:**

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाले सभी 91 सीपीएसईज़ के संबंध में वर्ष 2024-25 के लिए समझौता ज्ञापनों की समीक्षा हेतु अंतर-मंत्रालयी समिति की बैठकें आयोजित की गईं। **91 सीपीएसईज़ में से 90 सीपीएसईज़ के मामले में समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप दिया गया था और शेष एक सीपीएसई को छूट दी गई है।**

**4. अंतर-मंत्रालयी बैठकें और सीसीईए/मंत्रिमंडल टिप्पणियां:**

i) अंतर-मंत्रालयी परामर्श के लिए परिचालित निम्नलिखित टिप्पणियों/प्रस्तावों पर टिप्पणियां प्रस्तुत की गई थीं -

क) भारत में परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के निर्माण, स्वामित्व और संचालन के लिए एएसएचवीआईएनआई को अधिकृत करने और माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना को एनपीसीआईएल से एएसएचवीआईएनआई को हस्तांतरित करने के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग से मसौदा कैबिनेट नोट।

ii) माह के दौरान लोक उद्यम विभाग द्वारा 02 आईएमजी/सीएमसीडीसी बैठकों में भाग लिया गया।

iii) तमिलनाडु दूरसंचार कंपनी में टीसीआईएल की हिस्सेदारी के विनिवेश के लिए वैकल्पिक तंत्र हेतु दूरसंचार विभाग (डीओटी) नोट की जांच की गई थी और उस पर टिप्पणियां दूरसंचार विभाग को भेज दी गई थीं।

**5. सीपीएसईज़ द्वारा एमएसईज़ और जीईएम के माध्यम से खरीद:**

**i) 2024-25 (अगस्त, 2024 तक) के दौरान सीपीएसईज़ द्वारा एमएसई से खरीद अनिवार्य 25% के मुकाबले लगभग 40% थी। (एमएसएमई-संबंध पोर्टल के अनुसार 92 सीपीएसईज़ की रिपोर्ट)।**

**ii) सीपीएसईज़ द्वारा जीईएम से खरीद अगस्त, 2024 (वित्तीय वर्ष 2024-25) तक 1,67,523 करोड़ रुपये थी, जबकि अगस्त, 2023 (वित्तीय वर्ष 2023-24) तक यह 59,390 करोड़ रुपये थी।**

**6. क्षमता निर्माण और आई-गोट पोर्टल:**

i) लोक उद्यम विभाग ने एजेएनआईएफएम, फरीदाबाद के माध्यम से 'परियोजना प्रबंधन' पर दो आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें सीपीएसईज़/एसएलपीई के 35 अधिकारियों ने भाग लिया और आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से ईटानगर में 'व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए दक्षताओं का निर्माण', जिसमें सीपीएसईज़/एसएलपीई के 30 अधिकारियों ने भाग लिया।

ii) डीपीई के 67 कर्मचारियों ने दिनांक 31.08.2024 तक आई-गोट पोर्टल पर 1200 कोर्स पूरे कर लिए हैं।

**7. सीपीएसईज़ का मुद्रीकरण: -**

प्रयागराज में 21 अगस्त, 2024 को और कोलकाता में दिनांक 22 अगस्त, 2024 को एनएलएमसी संपत्तियों (11 आवासीय फ्लैट) के मुद्रीकरण के लिए प्रयागराज में 7 फ्लैट और कोलकाता में 4 फ्लैट की ई-नीलामी के माध्यम से प्री-बिड मीटिंग आयोजति की गई।

**8. एएमआरसीडी मामलों की स्थिति:**

अद्यतन स्थिति के अनुसार, पोर्टल पर 186 मामले दर्ज किए गए। 41 मामलों को वित्तीय सलाहकारों के स्तर पर खारिज कर दिया गया। 44 मामलों का निपटारा कर दिया गया है और 74 मामले निर्णय के लिए सचिवों की समिति के पास हैं। शेष 27 मामले संबंधित वित्तीय सलाहकारों के पास उनकी जांच और अनुमोदन के लिए लंबित हैं।

*******